Title Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-149 सागवाड़ा, सोमवार,31 जनवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## राजस्थान में कोरोना से 23 मरीजों की मौत

**जयपुर।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में आज बड़ी कमी दर्ज की गई है, लेकिन कोरोना से मौतें आज कल की तुलना में ज्यादा रही। आज राज्य के 23 लोगों की कोरोना से मौत दर्ज की गई है। राज्य में अब मौत के कुल मामले 9268 हो चुके हैं। सर्वाधिक मौतें राजधानी जयपुर में दर्ज की गइ हैं। वहीं राज्य को दूसरी ओर नए संक्रमण के मामलों में कल की तुलना में काफी राहत मिली है। आज प्रदेश में 6369 नए कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। वहीं एक्टिव केस भी घटकर 67017 हो गए हैं। 24 घंटों में 11618 मरीज संक्रमण से रिकवर हो चुके हैं। तीसरी लहर में आज ऐसा पहली बार हुआ जब रिकवरी दर, संक्रमण दर की तुलना में लगभग दोगुनी रही। इस कारण एक्टिव केस में भी कमी दर्ज की गई। जयपुर में 8, पाली में 3, जोधपुर में 2, सीकर में 2, अजमेर, बूंदी, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, नागौर, टोंक में एक—एक मरीज की मौत दर्ज की गई है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

## आपसी कहासुनी में ममेरे भाई ने युवक पर चाकू से हमला, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा रेड़ा फला में आपसी कहासुनी में ममेरे भाई ने युवक पर चाकू से हमला के दिया। चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल युवक की डूंगरपुर अस्साल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया और आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े है। कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया कि थाणा गांव के रहने वाला राकेश अहारी उम्र 22 वर्ष कल रविवार रात को खाना खाने के बाद घर के आंगन में घूम रहा था। उसी दरम्यान पुराने झगड़े को लेकर ममेरा भाई वीरमल गमेती चाकू लेकर आया और राकेश के पेट पर चाकू से हमला कर दिया। पेट पर चाकू लगने से राकेश की आंते बाहर निकल आई और जिससे राकेश लहूलुहान होकर वहीं मौके पर ही गिर गया। हमले के बाद आरोपी वीरमल मौके से भाग गया। घटना के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल राकेश को लेकर डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आये। उसे सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। इधर आज सोमवार सुबह इलाज के दौरान गंभीर घायल राकेश की मौत हो गई। जिस पर मृतक के परिजनों ने मामले की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए पुलिस ने शव को वार्ड से जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। इधर युवक की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया । परिजन आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। इधर पुलिस परिजनों को समझाइश के प्रयास कर रही है लेकिन परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े है जिसके चलते शव का पोस्टमार्टम नही हुआ है। वही पुलिस फरार आरोपी युवक वीरमल गमेती की तलाश कर रही है।

## कुल्हाड़ी से पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

### 28 जनवरी से चल रहा था फरार, कोर्ट ने आरोपी को भेजा जेल

**डूंगरपुर ।** जिले के रामसागड़ा थाना पुलिस ने दो दिन पहले पिता की कुल्हाड़ी से हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी कलयुगी बेटे को आज गिरफ्तार कर लिया है। इधर गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहा से कोर्ट ने आरोपी बेटे को जेल भेज दिया है।रामसागड़ा थानाधिकारी बाबूलाल डामोर ने बताया कि मामला 28 जनवरी को माडा गांव का है। जहा पर माड़ा गांव निवासी रामलाल अहारी उम्र 27 वर्ष खेतो में बांस काटने के लिए गया था। इस दौरान पिता वीरजी अहारी ने बांस काटने से बेटे को मना किया तो बेटा रामलाल आवेश में आ गया था । वही आवेश में उसने बांस काटने वाली कुल्हाड़ी से ही पिता वीरजी के सिर पर हमला कर दिया था। इससे पिता वीरजी गंभीर रूप से घायल हो गया। वही हमले के बाद आरोपी रामलाल मौके से फरार हो गया था। इधर गंभीर घायल वीरजी को परिजन डूंगरपुर जिला अस्पताल ले गए थे जहा से हालत गंभीर होने के चलते उसे उदयपुर रेफर कर दिया था जहा उपचार के दौरान वीरजी की मौत हो गई थी। पुलिस ने छोटे बेटे की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया था। वही पुलिस फरार आरोपी बेटे की तलाश की रही थी लेकिन आरोपी बेटा घटना के बाद से फरार चल रहा था।

इधर आज मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस ने आरोपी बेटे रामलाल अहारी को गिरफ्तार कर लिया है। इधर पुलिस ने आरोपी बेटे रामलाल से पूछताछ के बाद डूंगरपुर कोर्ट में पेश किया जहा से कोर्ट ने आरोपी बेटे को जेल भेज दिया है।

### योजनाओं का जमीनी स्तर तक लाभ पहुंचाने में सिविल

## सोसायटी तथा स्वैच्छिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका –मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य के विकास में सभी वर्गों की सक्रिय एवं समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक संगठन तथा सिविल सोसायटी के सदस्य जमीनी स्तर पर काम कर जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन देने में उनके सुझाव अत्यन्त उपयोगी हैं। गहलोत सोमवार शाम को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वैच्छिक संगठनों, सिविल सोसायटी तथा उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को समावेशी एवं लोककल्याणकारी स्वरूप देने की दिशा में राज्य सरकार सभी वर्गों के सुझाव ले रही है। इनके सुझावों के आधार पर हम ?सा बजट लाएंगे जो प्रदेश के समग्र विकास को गति देने वाला




हो। गहलोत ने कहा कि सामाजिक संगठनों ने पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा, रोजगार, पोषण, पारदर्शिता, कचरा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, उपभोक्ता हितों के संरक्षण, लैंगिक एवं सामाजिक समानता जैसे बुनियादी मुद्दों पर निरन्तर उपयोगी फीडबैक देने का काम किया है। इन सुझावों के आधार पर सरकार को गरीबों एवं जरूरतमंदों के कल्याण के लिए योजनाओं एवं नीतियों के निर्धारण तथा जनहित में फैसले लेने में मदद मिलती है। गहलोत ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान देश में सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अधिकार आधारित युग की शुरूआत हुई।

उस समय सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा और महात्मा गांधी नरेगा जैसे कानूनों को तैयार करने में स्वैच्छिक संगठनों के सुझावों की महवपूर्ण भूमिका रही है। हमारी सरकार ने भी जनहित से जुड़े मुद्दों पर स्वैच्छिक संगठनों एवं सोशल एक्टिविस्टों के सुझावों को सदैव प्राथमिकता दी है। बैठक के दौरान एनजीओ, सोशल एक्टिविस्टों तथा उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों ने बजट को लेकर अपने सुझाव दिए। इन प्रतिनिधियों ने नीति निर्माण से पूर्व सभी संबद्ध पक्षों (स्टेक होल्डर्स) के साथ संवाद करने की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल की सराहना की।

## सुंदरपुर गांव में हुई काव्य गोष्ठी

### वागड़ विभा ने किया आयोजन



**डूंगरपुर।** वागड़ विभा साहित्य एवं कला संस्थान डूंगरपुर द्वारा शहीद दिवस पर निकटवर्ती सुंदरपुर गांव में आयोजित काव्य गोष्ठी खूब जमी और प्राकृतिक वातावरण में कोई चार घंटे तक नगर के रचनाकारों ने अपनी कविताओं के माध्यम से समां बांध दिया।

सुंदरपुर स्थित विजय लक्ष्मी फार्म हाउस पर वरिष्ठ कवि एडवोकेट नरेश जोशी भारतीय की अध्यक्षता में आयोजित काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि समाजसेवी कुलदीप भट्ट रहे। गोष्ठी की शुरुआत कवयित्री पायल शर्मा द्वारा त्रिभंगी छंद में प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। पहले चरण में बालकवि वेदांग पंड्या ने मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ अपना आक्रोश जताते हुए अपनी रचना ऐसी व्यवस्था से तो जिल्लत मुझे प्यारी है जहां जूनियर सीनियर के प्रभारी हैं...सुनाकर सभी को सोचने पर विवश कर दिया। हितेश वसीटा ने अफगानिस्तान में हुए घटनाक्रम को रेखांकित करते हुए कविता इंधन सस्ता जीवन सस्ता, आतंक वहां पर नाच रहा... के जरिए विश्व को सावचेत किया। वरिष्ठ कवयित्री पायल शर्मा ने अपनी कविता उम्र के अवशेष माथे की शिकन गर पढ़ो तुम... सुनाकर उम्र के हर पड़ाव का बेहतरीन चित्रण किया।

राजेश पण्ड्या द्वारा कोरोना पर प्रस्तुत पैरोडी लागा मुंह पे ये मास्क मैं खाऊं कैसे..., अजहु न जावे कोरोना सावन बीतो जाय.. ने खूब गुदगुदाया। बाल रचनाकार जियाश्री पंड्या ने महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की रचना कलम आज उनकी जय बोल कंठस्थ सुना कर अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। विशाल पंचाल द्वारा माता पिता को केंद्रित रचना को खूब सराहा गया। कवियत्री मनीषा पंड्या ने प्रेम में वियोग की हृदयस्पर्शी कविता तुम पूछते हो ना हर बार मेरे जीवन के पन्नों का सच.. का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया। नरेंद्र शर्मा बोधा ने अपनी कविता इकरार अभी बाकी है तकरार अभी बाकी है... सुना कर प्रेमी प्रेमिका के मनोविनोद को चित्रित किया। जयेश शर्मा जय ने तथाकथित शांतिदूतों पर करारा कटाक्ष करती अपनी कविता पर कटे कबूतर शांति के उड़ने लगे दागदारो के दाग भी उड़ने लगे... सुना कर वाहवाही लूटी।

नवोदित रचनाकार जयदीप भट्ट ने शहर में बड़ा शोरगुल था हर इंसान एक दूजे से दूर था, जगमगाती रोशनी की चकाचौंध से गांव मेरा थोड़ा दूर था... सुनाकर सुकूनदायी ग्रामीण परिवेश पर बेहतरीन अभिव्यक्ति दी। वरिष्ठ कवि विनय सोमपुरा ने दोहा छंद मुक्तक क्षणिका प्रस्तुत करने के साथ ही अपनी ग़ज़ल बड़ी मासूम सी लगती है वह बचपन की तरह नजर में तल्ख़ियां हैं लड़कपन की तरह... सुनाकर खूब दाद पाई। वरिष्ठ कवि सत्यदेव पंचाल सत्येश की ग़ज़ल तेरी नफरतों से भी मैं जीत जाऊंगा गम पियूंगा और पीता जाऊंगा.. सुनाकर समा बांध दिया। वरिष्ठ गीतकार हेमंत शर्मा द्वारा प्रस्तुत गीत आंखें ढूंढती है किसे कोहरे में डूब कर...और दे ना पाया तुम्हें प्यार का एक पल जिंदगी भर का कैसे मैं विश्वास दू...ने गोष्ठी को नई ऊंचाइयां प्रदान की। वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश शर्मा गुंजन ने प्रभु की दी हुई सांसो को यूं व्यर्थ ना गंवाइए.. के जरिए मानव को सत्कर्म करने का संदेश दिया वही उनकी रचना मैं स्वतंत्रता की शक्ति हूं मैं कविता हूं मैं कविता हूं... ने लेखनी की ताकत को उजागर किया। वागड़ विभा के अध्यक्ष राजकुमार कसारा ने अपनी रचना ख्वाहिशें जरूरी है जीने के लिए, जिंदगी को जी भर जीने के लिए... सुनाकर जिंदगी जीने का फलसफा बयान किया।

वरिष्ठ ग़ज़लकार नरेश जोशी भारतीय की ग़ज़ल उनसे मिलना हो ही गया ख्वाब में चेहरा छुपा रहे थे जो नकाब में.. ने खूब वाहवाही लूटी।

काव्य गोष्ठी में मधुकांता भट्ट, प्रज्ञा भट्ट ने देश भक्ति गीत अपनी आजादी को हम हर गीत मिटा सकते नहीं..., बाल कलाकार प्रणय भट्ट ने जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा... तथा प्रयान भट्ट ने मरता था मरता रहूंगा देश की सेवा करता रहूंगा... माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। काव्य गोष्ठी का संचालन राजकुमार कसारा ने किया जबकि अनुषा भट्ट ने आभार व्यक्त किया।

## रीट परीक्षा में धांधली को लेकर आक्रोश

**सीकर।** रीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर जनवादी नौजवान सभा ने आक्रोश जताया। सभा के पदाधिकारियों ने आज रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रीट परीक्षा में मिलीभगत वालों के नामों को जनता के सामने उजागर करने की बात रखी। आगे से प्रतियोगी परीक्षाओं में ऐसी लापरवाही ना हो इसके लिए सरकार को कड़ा कानून लाने की मांग भी की। रीट परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले के बाद अब धीरे धीरे आक्रोश बढता जा रहा है। रीट परीक्षा में मिलीभगत करने वालों पर कठोर कार्रवाई के भी स्वर अब तेज होने लगे है। जनवादी नौजवान सभा की ओर से भी रीट परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई। इसके साथ ही दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। जनवादी नौजवान सभा के पदाधिकारी किशोर मांडोता ने बताया कि एसओजी ने रीट परीक्षा को भ्रष्टाचार को उजागर किया है।

## गौ ग्रास कराकर मनाया जन्मदिन, फुलवारी वाटिका में योग परामर्श शिविर शुरू

**सागवाड़ा।** नगर की फुलवारी वाटिका में मंगलवार से शुरू होने वाले योग परामर्श शिविर को लेकर जानकारी दी। शाह परिवार के तत्वावधान में पांच दिवसीय शिविर 1 से 5 फखरी तक चलेगा। जिसमें फुलवारी वाटिका में रोज सुबह 7 से 8 बजे तक दिल्ली के प्रसिद्ध योग गुरु मनमोहन योगी द्वारा आसन, प्राणायाम, मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। इसे लेकर शाम को नागरिकों को योग गुरु मनमोहन योगी ने योगा की जानकारी व फायदे बताए। इस दौरान योगी ने म्यूजिकल एक्सरसाईज कराई। योगा गुरु ने कहा कि जो व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ है, वही वास्तव में स्वस्थ है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए सात्विक एवं ताजे भोजन, गहरी नींद, नियमित व्यायाम और ड्राईफ्रूट्स को जीवन शैली में शामिल करने पर जोर दिया। इससे पूर्व पवन कुमार गोवाड़िया, प्राशु शाह, कुलदीप गांधी और राहुल शाह ने योग गुरु मनमोहन योगी का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वही योगी के साथ आई लक्ष्मी सिंह का



स्वागत प्ररणा शाह, सूची शाह और तिलक नंदिनी शाह ने किया। इस मौके पर प्रभु लाला वाडेल, गंगाराम खटीक, वीरेंद्र गोवाडिया, राहुल शाह, वैभव गोवाड़िया, दिलीप शाह, फरीदा, डॉ कृतिका जैन, सरोज गोवाडिया, स्नेहलता गांधी, पूजा पगारिया मौजूद थे।

## श्रीगोड़ समाज सेवा संस्थान वागड़ चौखले का प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ

### 270 प्रतिभाओं का सम्मान, जिसमें 52 खेल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया







**डूंगरपुर।** श्रीगोड़ समाज सेवा संस्थान वागड़ चौखले का 9 वां प्रतिभा सम्मान समारोह बेणेश्वर धाम, ब्रह्मा जी मंदिर में संपन्न हुआ। अध्यक्षता कमल मेहता गोल ने की।

मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र उपाध्याय इंदौड़ा थे। विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता सुरेश चन्द्र शर्मा जोधपुर व देवेंद्र त्रिवेदी रहे। विशिष्ट अतिथि तुलसीराम अलावत, गोकुल उपाध्याय, हीरालाल गमोट, प्रभुलाल त्रिवेदी, सुभाष जोशी, कला देवी मेहता, गजेंद्र मेहता, अशोक मेहता व नन्द किशोर जोशी रहे। डॉ सुरेश चंद्र शर्मा कमल मेहता ने कहा कि मेरे समाज की प्रतिभाएं देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समाज का नाम रोशन करें। साथ ही देश सेवा समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहे। संचालन करते हुए देव शंकर मेहता गनोडा कहां की प्रतिवर्ष समाज की प्रतिभाओं में निरंतर इजाफा हुआ है।

यह सकारात्मक है। कार्यक्रम में अशोक जोशी खेड़ा रूप शंकर त्रिवेदी काबजा, प्रभु लाल गमोट, प्रकाश गामोट, हीरालाल गमोट, सुरेश त्रिवेदी ललित, जोशी पंकज, जोशी कैलाश व्यास, जितेंद्र मेहता, गिरीश पंड्या, रमेश व्यास, रमेश मेहता ने संबोधित करते हुए प्रतिभाओं को निरंतर मेहनत करने एवं शिक्षा से अपना भविष्य निर्माण करने की बात कही।

इस अवसर पर नाथूराम जोशी माल, नाथूराम उपाध्याय बडौदा, शंकरलाल जेताना, मोहनलाल उपाध्याय, नारायण लाल पंचोली, ललित उपाध्याय जेताना सुखलाल दनोट, सहित समाज के कई व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं 12वीं के 80% से ऊपर अंक लाने वाले समस्त छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। बीए बीएससी एम एम एस सी के।0त्न से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कुल सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों की संख्या 270 रही। जिसमें 52 खेल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गयाद्य कार्यक्रम का संचालन अशोक जोशी, रूप शंकर त्रिवेदी, रमेश व्यास साकरिया कैलाश व्यास ने कियाद्य स्वागत उद्बोधन प्रभु लाल गमोट व आभार देव शंकर मेहता ने व्यक्त किया।